<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित</u>

पंतनगर। 12 नवम्बर 2022। विश्वविद्यालय में आज स्थापना सप्ताह कार्यक्रम के दूसरे दिन यूनिवर्सिटी सेंटर (नाहेप भवन) में तीसरी इंटर कॉलेजिएट यूनिवर्सिटी वाद–विवाद प्रतियोगिता हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में आयोजित की गयी जिसका विषय 'भारत जनसंख्या लाभांस को भुनाने में असफल हो रहा है' था। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों से 16–16 विद्यार्थियों द्वारा हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में पक्ष एवं विपक्ष में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान उपस्थित थे। साथ ही विश्वविद्यालय कुलसचिव एवं सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, वैज्ञानिक, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में हिन्दी भाषा के पक्ष एवं विपक्ष के निर्णायक मण्डल में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, एनसीटी दिल्ली, डा. मो. रियाज; वैज्ञानिक आईवीआरआई, नई दिल्ली, डा. गिरीजेश सिंह महरा तथा अंग्रेजी भाषा के पक्ष एवं विपक्ष के निर्णायक मण्डल में वरिष्ठ प्रबंधक, टाटा स्टील, श्री प्रणव कुमार एवं वरिष्ठ अधिवक्ता, श्री बरीत सिंह उपस्थित थे। वाद–विवाद प्रतियोगिता अंग्रेजी भाषा में विजेता पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय की छात्रा सृष्टि गुप्ता; रनर–अप, कृषि महाविद्यालय की छात्रा, प्रज्ञा गार्ग्या एवं प्रथम सांत्वना, प्रौद्योगिक महाविद्यालय की छात्रा अदिति रावत एवं द्वितीय सांत्वना, गृह विज्ञान महाविद्याल की छात्रा दीपांशी बामेठा रही।

हिन्दी भाषा में विजेता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की छात्रा गुंजन पाण्डे; रनर–अप कृषि महाविद्यालय के छात्र रवि कुमार झा; प्रथम सांत्वना प्रौद्योगिक महाविद्यालय के छात्र नरेन्द्र कुमार एवं द्वितीय सांत्वना पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के छात्रा अकांक्षा पाण्डे रही। इस अवसर पर कुलपति, डा. मनमोहन सिंह ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में मंचासीन कुलपति, डा. मनमोहन सिंह एवं अन्य अतिथिगण।

निदेशक संचार